व्यवसाय प्रशासन में स्नातक
(बी. बी. ए.)

सत्रीय कार्य
2026

जाँच सत्रीय कार्य की अवधि - 1st जनवरी 2026 से 30th दिसम्बर, 2026

चतुर्थ सत्र

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली –1100 68

व्यवसाय प्रशासन में स्नातक

(बी. बी. ए.)

सत्रीय कार्य 2026

प्रिय छात्र/छात्राओं,

जैसा कि प्रोग्राम गाइड में बताया गया है, आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम में एक ट्यूटर मार्क्ड असाइनमेंट करना होगा । हम आपको BCOE-143, BCOE-144, ECO-13 और BMP-001 के सत्रीय कार्य एक साथ भेज रहें हैं ।

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30% अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इस सत्रीय कार्य को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

1. वे छात्र जो जून 2026 के सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं, उन्हें 15 मार्च 2026 तक जमा करवाना होगा।
2. वे छात्र जो दिसम्बर 2026 की सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं। वे 15 अक्टूबर 2026 तक जमा करवायें।

आपको सभी पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को प्रस्तुत करना होगा।

अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम का कोड	**:**	**ई. सी. ओ. -13**
पाठ्यक्रम का शीर्षक	**:**	**व्यावसायिक पर्यावरण**
सत्रीय कार्य का कोड	**:**	**ई. सी. ओ. -13/टी. एम. ए./ 2026**
खण्डों की संख्या	**:**	**सभी खण्ड**

अधिकतम अंक :100

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. विकास की नेहरू – महलनबिस युक्ति के मुख्य तत्वों के संबंध में विवेचन कीजिए। इसकी प्रमुख उपलब्धियों और कमियों के संबंध में बताइए। **(20)**

2. उपभोक्ता सरंक्षण अधिनियम 1986 के अंतर्गत उपभोक्ताओं की शिकायतों को दूर करने की क्या व्यवस्थाएं हैं ? **(20)**

3. औद्योगिक रुग्णता के संबंध में सरकारी नीति की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए। **(20)**

4. भुगतान – शेष के घाटों के कारण बतलाइए। इस समस्या के समाधान के लिए क्या कदम उठाए गए हैं? **(20)**

5. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : (4X5)

(क) आर्थिक आयोजना

(ख) सार्वजनिक क्षेत्र

(ग) नई उद्योग नीति, 1991

(घ) विदेशी पूंजी